डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.६२ आर.एन.आई.संख्या ४०३६७/८४ नेट संस्करण www awajdarpan.com पर पढ़ें

# साप्ताहिक आवाज दर्पण

प्रत्येक रविवार

बस्ती (उ.प्र.) वर्ष ४९ अंक ३८ रविवार ०८ सितम्बर से १४ सितम्बर २०२४ मूल्य तीन-रुपये

## मिला नियुक्ति पत्र खिले चेहरे




**संवाददाता–बस्ती।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1334 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वितरित किया जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया।

इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी एस विधायक महेंद्र यादव जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र विधायक प्रतिनिधि कप्तानगंज गुलाब चंद्र, हरैया सरोज ने सयुक्त रुप से जनपद के चयनित अभ्यर्थियों को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत नवनियुक्त अवर अभियंता के पद पर बाल कृष्ण द्विवेदी, विनीत कुमार चौधरी, अल्का श्रीवास्तव, इबारक अली, अमित कुमार उपाध्याय, सनत कुमार पाण्डेय, अभिषेक त्रिपाठी ,संदीप कुमार मिश्र तथा जिला कृषि विभाग में दिलीप कुमार व जिला पंचायत विभाग में रविनाथ चौधरी को नियुक्ति पत्र वितरित किया। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाकर शासकीय सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है आप सभी लोग प्रयास करें कि अपकी सेवा से जनता को लाभ मिले।

## डीएम ने किया लम्बित प्रकरणों की समीक्षा




**संवाददाता–बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। उन्होने निवेशमित्र पोर्टल पर विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों को समयान्तर्गत निस्तारित करें। उन्होने बैठक में उपस्थित उद्यमियों की समस्याओं को एक–एक करके गम्भीरतपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उन्होने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, औद्योगिक इकाईयों की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विचार, औद्योगिक क्षेत्र में ट्रिपिंग की समस्या, मिनी औद्योगिक आस्थान गनेशपुर में विद्युत आपूर्ति शहरी फीडर, मे. विनोद इंडस्ट्रीज प्रा.लि. के लम्बित ऋण प्रकरण की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि बैठक में दिये गये निर्देशों का अधिकारीगण शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

वाणिज्य बंधु की बैठक में विभिन्न व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी समस्या रखी गयी, जिस पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में छोटे व्यापारियों पर जिला पंचायत, द्वारा सीपी टैक्स लगाये जाने के संबध मे जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इस संबंध में व्यापारी अपनी शिकायत जिला पंचायत में कार्य अधिकारी को प्राप्त कराये, जिसका निस्तारण उनके स्तर से किया जायेगा तथा व्यापारियों को यदि बिजली कटौती संबंधी कोई समस्या है, तो बिजली विभाग के टोल फ्री शिकायत नंबर–1912 तथा कंट्रोल रूम नं0–9532369806 व 05542–282638 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

बैठक में व्यापारियों द्वारा जिलें में जलभराव, पेय जल, जर्जर सड़को व यातायात जाम तथा बंदरों की समस्या के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिले के जिन व्यापारियों द्वारा समय से जी0एस0टी0 रिर्टन नहीं दाखिल किया जा रहा है, वे समय से रिर्टन दाखिल करें अन्यथा अर्थदण्ड व अस्थायी कर निर्धारण की कार्यवाही विभाग द्वारा की जायेगी।

## बस्ती में साढे तीन लाख सदस्य बनायेगी भाजपा




**संवाददाता–बस्ती ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता व जिले के प्रभारी समीर सिंह व जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बस्ती सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर पार्टी के संगठन व सदस्यता अभियान को लेकर जानकारी दी। इसके पूर्व प्रदेश प्रवक्ता ने सभी जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी सहित सदस्यता अभियान के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान को तेज करने को लेकर रणनीति तैयार की गई। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाकर किया गया। सदस्यता का काम दो चरणों में चलने वाला है। यह ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से चलेगा। प्रथम चरण में 2 सितंबर से 25 सितंबर 2024 तक और द्वितीय चरण में एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। प्रथम चरण में सदस्यता का काम 17 तक चलेगा उसके बाद 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से 25 सितम्बर तक विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत घर घर जाकर बृहद सदस्यता अभियान का काम किया जाएगा। पार्टी ने बस्ती जिले में 3.5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का जन्म शताब्दी वर्ष है इसलिए सदस्यता अभियान के दौरान प्रत्येक रविवार को अटल सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता का कार्यक्रम डिजिटल माध्यम से होगा इसके लिए 8800002024 पर मिस कॉल देना होगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 सदस्य बनाना होगा और नमो ऐप के माध्यम से 100 रूप सक्रिय सदस्यता शुल्क जमा करना होगा। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा भाजपा का लक्ष्य एक संतुलित और समावेशी सदस्यता आधार हासिल करना है। अक्टूबर के मध्य से यह अभियान तीसरे चरण में प्रवेश करेगा, जिसमें सक्रिय सदस्यों का नामांकन शामिल है। जिला सदस्यता प्रमुख देवेन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष यशकांत सिंह, महेश शुक्ल, दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, राजेश पाल चौधरी, भानु प्रकाश मिश्र, सह प्रमुख अमृत कुमार वर्मा, चन्द्रशेखर मुन्ना, ममता सिंह, रघुनाथ सिंह, दुष्यंत सिंह, जटाशंकर शुक्ल, अंकुर वर्मा, मानस भूषण त्रिपाठी, मनमोहन श्रीवास्तव काजू, श्रुति कुमार अग्रहरी, रवि तिवारी, वागीश सिंह सहित मंडलो के सदस्यता प्रमुख मौजूद रहे।

## डीएम ने किया बहादुरपुर विकास खण्ड के विकास कार्यों का निरीक्षण



**संवाददाता–बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बहादुरपुर ब्लॉक में मनरेगा एवं अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि ग्राम हथिया 2 में सी सी रोड – पिच रोड से श्री कुम्हार तक – रोड की प्रथम दृष्टया फिनिशिंग ठीक मिली। यद्यपि रोड के अन्त पर कुछ टूट फूट हो गयी थी, जिसके विषय मे निर्देशित किया गया कि इसे समय से ठीक करा लिया जाए, अन्यथा यह क्रैक आगे बढ़ कर सड़क को क्षति पहुंचा सकते हैं। दो अलग अलग स्थानों पर चौड़ाई का माप करवाया गया। दर्ज माप एवं ज्ञात माप एक समान – 3 मीटर पाए गए ग्राम गौशाला के निरीक्षण में पाया कि गौशाला में मुख्य भाग, खुला स्थान, चरी बोआई स्थान एवं तालाब सम्मिलित है। मुख्य भाग कंक्रीट की दीवार से घिरा है, एवं शेष भाग पिलर एवं जाल से। पृथक भागों में विभाजन से क्षेत्रफल का सदुपयोग हो पा रहा था। पर मुख्य परिसर को तालाब से जोड़ने वाले मार्ग में मिट्टी धसाव के कारण गेट टूट गया था, एवं मुख्य परिसर से बाहर की बाउंडरी भी कई जगह से टूट गयी थी। अवगत कराया गया कि नई मिट्टी पटाई के कारण भारी वर्षा में यह क्षति हुई है जिसे वर्षा उपरांत ठीक किया जाएगा। गोशाला में रखे गए 38 गोवंश स्वस्थ थे। निर्देश दिए गए कि टूट फूट की मरम्मत अक्टूबर तक करवा ली जाए। चूंकि इस गोशाला में स्थल को पृथक्कीकृत कर के भूमि के उम्दा उपयोग का नवाचार किया गया है, अतः इसे उदाहरण के रूप में प्रदर्शित किया जा सकता है। पर स्थल को सौन्दर्यीकृत करने की आवश्यकता है, क्योंकि वर्तमान में यह वृक्षाच्छादित नहीं है। वर्षा रहते वृक्षारोपण उचित एवं जल्दी बढ़ने वाली प्रजाति से करवाने के निर्देश हुए। उन्होंने पाया कि रंगीलाल के घर के पास इंटरलॉकिंग कार्य – कार्य गतिमान था, एवं टाइल्स लगाने के उपरांत फिनिशिंग का कार्य चल रहा था। मस्टर रोल से यादृच्छिक आधार पर श्रमिकों का सत्यापन किया गया, जो कि ठीक पाया गया।

**सीधा साधा सच्चा लिख,जो भी लिख, पर पक्का लिख।**
**मत लिख इनके–उनके जैसा, केवल अपने जैसा लिख।।**

*– बालसोम गौतम*

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक
# आवाज दर्पण
प्रत्येक रविवार

## चुनावी रेवड़ियां


धीरे–धीरे पंजाब व हिमाचल सरकारों के मुखियाओं को अहसास होने लगा है कि वित्तीय संकट दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। लगातार बढ़ते राजस्व घाटे व बड़ी होती देनदारियों से सत्ता में बैठे राजनेताओं को बखूबी पता चल रहा है कि सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये मुफ्त का जो चंदन घिसा जा रहा था, वह राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है। यहां तक कि कर्मचारियों को वेतन व रिटायर कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किल आ रही है। गाल बजाकर बड़ी–बड़ी घोषणाएं करने वाले राजनेता तनख्वाह व पेंशन की तारीख आगे बढ़ाकर दावा कर रहे हैं कि इससे राज्य को आर्थिक बचत होने वाली है। संवेदनहीन राजनेताओं को इस बात का अहसास नहीं है कि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन–पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई समय पर चुकानी होती है। जिसको लेकर बैंक कोई रहम नहीं दिखाते हैं। राजनेताओं के आय के तमाम वैध–अवैध स्रोत होते हैं, कर्मचारी तो इकलौती तनख्वाह के भरोसे जीवन–यापन करता है। बहरहाल, चुनाव से पूर्व मुफ्त प्रलोभनों की तमाम घोषणाएं करने वाले राजनेताओं को अहसास हो चला है कि राज्य के खजाने में उनकी राजनीतिक विलासिता का बोझ ढोने का दमखम नहीं बचा है। विभिन्न दलों की शाहखर्ची ने राज्यों की आर्थिकी की हालत पहले ही पस्त कर रखी है। राजनेताओं ने कभी वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया। दिल्ली से लेकर पंजाब तक आप सरकारों ने तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांटी हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसकी आर्थिकी कभी नहीं संभल पाती। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। जाहिरा बात है कि मुफ्त में कुछ नहीं मिलता। मुफ्त की राजनीति के चलते इन महकमों के विस्तार व विकास पर ब्रेक लग जाता है।

बहरहाल, पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर की ओर इशारा करती है। बीते वित्तीय वर्ष की आर्थिक बदहाली को दर्शाती कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे राज्य सरकार की आय का बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज चुकाने में चला जा रहा है। यह भी चिंताजनक है कि राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं मिल पा रहा है। इसके बावजूद यदि राजनेता शाहखर्ची से बाज नहीं आते और मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखते हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ेगी बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली की तस्वीर ही उकेरता है। अभी भी वक्त है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। उन्हें अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। उन्हें सोचना होगा कि कभी–कभी मुफ्त बहुत महंगा पड़ता है। हमें अपने छोटे स्वार्थों के लिये राज्य के बड़े हितों से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

# बढ़ती आत्महत्याओं को रोकने की चुनौती



**–रंजीत पवार–**



दुनिया में कहीं और की अपेक्षा भारत में लोग अधिक आत्महत्या कर रहे हैं। वर्ष 2016 में भारत में प्रति एक लाख लोगों पर आत्महत्या की दर 16.5 रही, जबकि वैश्विक औसत 10.5 थी। यहां सवाल स्वाभाविक है कि लोगों को अपनी जान लेने की तरफ क्या चीज धकेलती है? क्या आत्महत्या की व्याधि एक व्यक्तिगत घटना है या हमारी सामाजिक, प्रशासनिक, आर्थिक, शैक्षणिक और धार्मिक व्यवस्था को आगे आकर इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए? मानसिक रोग, ड्रग्स की लत, तलाक, असफल प्रेम संबंध, यौन हिंसा, दिवालियापन, शैक्षणिक विफलता, बेरोजगारी और गरीबी खुदकुशी करने के मुख्य कारण हैं। इनके अलावा दक्षिण एशियाई देशों में एक और वजह है रू समाज में इज्जत को ठेस। भारत में उच्च आत्महत्या दर की वजहों की, विशेषकर समाज के कुछ खास वर्गों में, जांच की जानी चाहिए। विश्व खुशहाली रिपोर्ट–2024 में भारत को 143 देशों में 126वां स्थान मिला है, यह पड़ोस के पाकिस्तान और नेपाल से भी नीचे है। तो भारत में इतने सारे लोग दुखी क्यों हैं? सामान्य कारकों के अलावा, भारत में आत्महत्या के ग्राफ में एक अजीब सी समानता भी है– युवा, निम्न आय वर्ग, किसान और महिलाओं में आत्महत्या की दर ज्यादा है।

15 से 29 आयु वर्ग, जो भारत की जनसंख्या का 53.7 प्रतिशत है, उसमें मौत के कारणों में आत्महत्याओं का हिस्सा काफी अधिक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2020 रिपोर्ट बताती है, उस साल हर दिन 35 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की। इस वर्ष कोटा में अब तक 13 छात्र यह अतिशयी कदम उठा चुके हैं, जबकि पिछले साल देश के इस कोचिंग के गढ़ में 26 छात्रों ने खुदकुशी की थी। गला–काट प्रतिस्पर्धा, उच्च प्रदर्शन का दबाव और असफलता का डर जिसको कभी–कभी माता–पिता का अधीर रवैया भी हवा देता है– युवा मानस के लिए इनको संभालना बहुत मुश्किल हो सकता है। नौकरी के चाहवान बहुत हैं और नौकरियां अत्यंत कम। लगभग 10 प्रतिशत भारतीय युवा बेरोजगार, नाखुश, चिंतित हैं और उनके पास अपनी रोजमर्रा की जरूरतें तक पूरा करने के लिए संसाधन नहीं हैं। रोजगार के मामले में महिलाएं पुरुषों से काफी पीछे हैं। बहुत बड़ी संख्या में नौकरी के चाहवानों के लिए न सिर्फ नौकरियां बहुत कम हैं, बल्कि निष्पक्ष और योग्यता आधारित भर्तियों की भी कमी है, जिससे आक्रोश और अरुचि उत्पन्न होती है। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पेपर लीक और परिणामों में हेराफेरी को लेकर चल रही कानूनी कार्रवाई के कारण पिछले चार वर्षों में कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी हैं। अन्य राज्य भी इसी किस्म की स्थिति से त्रस्त हैं।

आत्महत्या से होने वाली मौतों में दो तिहाई हिस्सा न्यूनतम आय वर्ग के लोगों का है। इसके अलावा, वर्ष 2022 में किसानों और खेतीहर मजदूरों ने 11,290 खुदकुशी की। अपने वजूद और सुख के लिए आधारभूत आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा और मकान हैं। नीति आयोग के अनुसार, 50 प्रतिशत भारतीयों की औसत मासिक क्रय शक्ति, क्रमशः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, 3,094 रुपये और 4,963 रुपये है। ग्रामीण और शहरी आबादी के निचले 20 प्रतिशत में आने वाले लोगों के पास खुद के वास्ते और परिवार को जिंदा रखने के लिए दैनिक खर्च क्षमता महज 70–100 रुपये है। इतने कम पैसे में भोजन, कपड़ा और मकान का इंतजाम कर लेना बेहद मुश्किल है।

आत्महत्या से होने वाली प्रत्येक मौत के बरक्स 200 से ज़्यादा लोग आत्महत्या करने की प्रवृत्ति और विचार पाले हुए हैं। चिंताजनक बात यह है कि वैश्विक औसत की तुलना में भारतीय महिलाओं की खुदकुशी दर दोगुनी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में हर दिन औसतन 86 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। यह संख्या असल से बहुत कम हो सकती है, क्योंकि अधिकांश पीड़ित महिलाएं लोकलाज आदि के डर से मामला दर्ज करवाने नहीं जातीं। महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा शारीरिक–मानसिक शोषण और उत्पीड़न का शिकार होता है, तिस पर व्यवस्था से सुनवाई की उम्मीद बहुत कम है।

खेती से मोहभंग और शहरी जीवन की चकाचौंध से ग्रस्त होकर, ग्रामीण युवा पलायन के मौके की तलाश में रहते हैं, जिससे वे भारी संख्या में बड़े शहरों का रुख करते हैं। शहरीकरण तनावों को बढ़ाता है– जीवनयापन की उच्च लागत, जिंदगी की तेज रफ्तार, सफलता प्राप्ति का दबाव और दुनिया में पैर जमाने का संघर्ष। परिवार और समुदाय की सुरक्षा छतरी सिर पर नहीं रहने से व्यक्ति में असुरक्षा बोध पैदा होता है। असफल होने वाले बहुत से लोग वहीं फंसकर रह जाते हैंदृ गांव वे लौटना नहीं चाहते, और शहर में कुछ पल्ले नहीं पड़ता।

दरअसल, हमारी शिक्षा प्रणाली में कुछ गंभीर गड़बड़ी है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24 के अनुसार, केवल 51.25 प्रतिशत युवा ही रोजगार के लायक माने जाते हैं। यानी दो में से एक युवा अभी भी कॉलेज से सीधे कार्यबल की योग्यता लायक तैयार नहीं है। उच्च शिक्षा में दाखिला बढ़ा है, लेकिन अधिकांश छात्रों में आलोचनात्मक सोच, दृढ़ता आदि की कमी है। नशे की लत, हिंसा, अपराध, अवसाद और आत्महत्या अधिकतर बेरोजगारी के कारण पैदा हुई निराशा के परिणामवश है।

रोजाना 100 रुपये से कम पर गुजारा करने वाले संघर्षशील युवा के लिए सोशल मीडिया अमीरों की दुनिया में झांकने का मौका देता है, जिससे उनके अंदर भी शानदार कारें और महंगे फोन की ख्वाहिशें जगती हैं। आकांक्षाएं बढ़ रही हैं, लेकिन नौकरियां और अवसर कम हैं। हसरतों और हकीकत के बीच का अंतर संभालना मानव मस्तिष्क के लिए बहुत मुश्किल बन जाता है। ऐसे देश में जहां चोटी के एक प्रतिशत अमीरों के पास कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हो और निचले तबके के आधों के पास कुल संपत्ति का महज 3 फीसदी हिस्सा, वहां संसाधनों तक पहुंच में चौंका देने वाला अंतर स्पष्ट है।भारत में आत्महत्या रूपी महामारी से निपटने हेतु उपाय खोजने की फौरी जरूरत है। इसका हल केवल सतही उपाय करने में निहित नहीं है। हमारी व्यवस्था में व्याप्त दोषों को ठीक करने के लिए बहुआयामी और वास्तविक प्रयास जरूरी हैं, इससे नीचे कुछ भी कीमती जानें नहीं बचा सकता। ऐसे देश में जहां बड़ी संख्या में लोग अभी भी देसी उपचारों से अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करने की कोशिश करते हैं, वहां मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे व्यक्ति के लिए मनोचिकित्सक से परामर्श पाने की संभावना नगण्य है।

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता का अभाव, अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं और ऐसी समस्याओं से जुड़ी सामाजिक कलंक की सोच एक भंवर बना देते हैं। इन मुद्दों का हल निकालना आत्महत्याएं रोकने में पहला कदम हो सकता है, इसके बाद आता है सबसे अधिक जोखिम वाले वर्ग की ओर ध्यान केंद्रित करना।–लेखिका मनोविज्ञानी हैं।

# लोडर और बस की टक्कर में 15 की मौत



**आगरा (आभा)।** यूपी में शुक्रवार की शाम भीषण हादसा हो गया। मैक्स लोडर और एसी बस की टक्कर में 15 लोगों की मौत हो गई है। इसमें चार बच्चे भी शामिल हैं। एक दर्जन लोग घायल हैं। हादसा आगरा अलीगढ़ बाईपास रोड पर मतई गांव के पास हुआ है। बस आगरा से देहरादून जा रही थी। उसने अपने आगे चल रहे मैक्स लोडर को पीछे से टक्कर मारी है। सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लिया है। अधिकारियों को बचाव और राहत कार्य में लगने का निर्देश दिया है। आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। कई एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा है। मरने वाले सभी आगरा के खन्दौली क्षेत्र के रहने वाले हैं।

बताया जा रहा है कि बीस से ज्यादा सवारियों को लेकर मैक्स लोडर आगरा से अलीगढ़ जा रहा था। आगरा अलीगढ़ बाईपास रोड पर मतई गांव के पास पीछे से आ रही एसी बस ने लोडर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि लोडर में बैठी सवारियां काफी दूर तक उछल गईं। लोडर के परखच्चे उड़ गए। बस में बैठी सवारियों को भी जोरदार झटका लगा।

आसपास से गुजर रहे वाहनों और राहगीरों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। लोडर में फंसे लोगों को निकाल–निकाल कर बाहर सड़क पर ही रखना शुरू किया। तब तक कुछ लोग तड़प रहे थे तो कुछ लोग मर चुके थे। भीषण हादसे की जानकारी फोन से अधिकारियों और एंबुलेंस को दी गई। जब तक आला अधिकारी और एंबुलेंस मौके पर पहुंची दस लोगों की मौत हो चुकी थी। घायलो को तत्काल अस्पताल भेजा गया। पांच लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# सरदार पटेल की जयंती पर संयुक्त कार्यक्रम 31 को



**संवाददाता–बस्ती।** भारतीय कुर्मी महासभा जिला अध्यक्ष डा. वी के वर्मा की अध्यक्षता में सरदार सेना,अर्जक संघ, भारतीय किसान यूनियन की संयुक्त बैठक आर.डी. सरमाउन्ट स्कूल निकट अमहट घाट के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 31 अक्टूबर को भारत रत्न सरदार पटेल की जयंती कुंआनो तट के निकट स्थित पटेल जी की प्रतिमा के समक्ष किया जायेगा।

कार्यक्रम में आयोजित गोष्ठी में अनेक विद्वत जनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

बैठक में आर के सिंह पटेल, डा. हनुमान प्रसाद, मस्तराम वर्मा, के. सी. चौधरी, अशोक कुमार वर्मा, विद्यासागर चौधरी, रघुनाथ पटेल, डा. आलोक रंजन, अरविन्द कुमार चौधरी, अशोक कुमार चौधरी, राम प्रसाद चौधरी बद्री प्रसाद चौधरी, एम.आर.चौधरी, घनश्याम चौधरी, दिवान चन्द पटेल, सरदार सेना के ब्रजेश पटेल, उमेश चन्द्र, विद्यासागर चौधरी, मंशाराम चौधरी, डा. श्यामनरायन चौधरी, प्रमोद कुमार चौधरी, आर.डी. चौधरी, सुभाष चौधरी, सन्तोष कुमार चौधरी, दूधनाथ पटेल, मनीष प्रजापति, राम पूरन, सुभाष, चन्द्रशेखर, दिनेश, रीतेश, शिव प्रसाद, अमित, सत्य प्रकाश, राम प्रकाश के साथ ही चारों प्रमुख संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य आदि शामिल रहे।

# डीएम तक पहुंचा चाय की दूकान में तोड़फोड़, पुलिसिया पिटाई का मामला

**संवाददाता–बस्ती।** रोडवेज चौकी इन्चार्ज द्वारा छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न, उन्हें मारने पीटने के विरोध में शुक्रवार को बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल जिला अध्यक्ष आनन्द राजपाल, महामंत्री सूर्य कुमार शुक्ल, नोमान अहमद आदि ने पीड़ित व्यापारी मनोज गुप्ता के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि गरीब, फुटपाथ पर दूकान लगाकर जीविका चलाने वाले व्यापारियों का पुलिसिया उत्पीड़न बंद कराया जाय। जिला अध्यक्ष आनन्द राजपाल ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से सुना। उन्होने आश्वासन दिया कि इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के स्तर पर कार्यवाही कराया जायेगा।



महामंत्री सूर्य कुमार शुक्ल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जयपुरवा निवासी मनोज गुप्ता ने जानकारी दिया कि वह रोडवेज गायत्री मंदिर के सामने पिछले 15 वर्षो से चाय की दूकान लगाकर परिवार का भरण पोषण करता है। गुरूवार की रात्रि रोडवेज चौकी इन्चार्ज उमेश वर्मा ने नशे की हालत में उसे मारा पीटा, होमगार्ड के सहयोग से उसके दूकान का पलटवा दिया। इस दौरान दूकान का सामान नष्ट हो गया और उसके बच्चे को चोट आयी। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।

जिलाधिकारी के साथ वार्ता में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के सुनील गुप्ता, रविन्द्रपाल सिंह 'जल्लू' सभासद मो. अयूब, सतीश सोनकर के साथ ही पीड़ित परिवार और जयपुरवा के नागरिक शामिल रहे।

# शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित हुई विभूतियां




**संवाददाता–बस्ती।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद और पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एवं पैरा मेडिकल कालेज द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गौतमबुद्ध मुराली देवी बालिका इण्टर कालेज गोटवा के सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. आर.जी. सिंह ने कहा कि शिक्षक की भूमिका कभी समाप्त नहीं होती। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जन्म दिन पर शिक्षकों को एक अवसर दिया है कि वे इस दिवस पर आत्म समीक्षा करें। अध्यक्षता करते हुये पूर्व प्रधानाचार्य डा. रामनरेश सिंह मंजुल ने शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि शिक्षक के हाथों में देश का भविष्य पलता है। कार्यक्रम संयोजक एवं पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एवं पैरा मेडिकल कालेज के प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि उन्होने बाल्यवस्था में शिक्षा के अभाव को देखा है। इसी सोच के चलते उन्होने शिक्षा के क्षेत्र में गोटवा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में बालक बालिकाओं के लिये विद्यालय स्थापना के साथ ही फार्मेसी और चिकित्सा के क्षेत्र में संस्थान की स्थापना कराया जिससे छात्रों को उच्च शिक्षा के लिये भटकना न पड़े। कहा कि माता–पिता के बाद गुरू ही सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में होते हैं जो हमें दिशा देते हैं। कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय की छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डा. विजय वर्मा, बेगम खैर की प्रधानाचार्य मुस्लिमा खातून, डा. के.पी. मिश्र, डॉ. गिरजेश श्रीवास्तव, राम कोमल सिंह, राकेश मिश्र, भगवान सिंह, संजय सिंह, श्रीनेवास, आर.के. सिंह, श्यामलाल वर्मा, जगनरायन वर्मा, इन्द्रसेन चौधरी, सविता श्रीवास्तव, रामदेव वर्मा, शिवपूजन मिश्र, उमाशंकर यादव, विक्रमाजीत यादव, राम सहाय, अमरेश चौधरी, रामबचन के साथ ही कुल 47 शिक्षकों, शिक्षा विदों को उनके योगदान के लिये, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# पूर्व विधायक संजय प्रताप ने उठाया विकास प्राधिकरण में नक्शा पास कराने के नाम पर धन उगाही का मुद्दा

**संवाददाता–बस्ती।** रूधौली के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र देकर बस्ती विकास प्राधिकरण के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा नक्शा के नाम पर नियम विरूद्ध तरीके से किये जा रहे आर्थिक शोषण, अवैध वसूली की जांच कराकर जनपद वासियों को राहत प्रदान कराये जाने का आग्रह किया है। पूर्व विधायक के पत्र पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि परीक्षण के बाद समुचित कार्यवाही कराया जाय।



पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि बस्ती विकास प्राधिकरण द्वारा अपने क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है। केवल नक्शा को लेकर आम जनमानस का घर नियम विरूद्ध ढंग से सील किया जा रहा है, जो बहुत ही दुभाग्यपूर्ण है। वर्तमान समय में विकास प्राधिकरण का जो नया क्षेत्र शामिल हुआ है, जहां के लिए नक्शा पास करने का नियम ही नहीं है वहां भी विकास प्राधिकरण के लोग पहुंच कर आम जनमानस को परेशान कर अवैध वसूली कर रहे हैं। बस्ती विकास प्राधिकरण द्वारा आम जनमानस में नक्शा पास करवाने और सुविधा के लिए कोई भी जागरूकता कार्यक्रम नहीं चलाया जाता है। इससे जनपद वासियों में आक्रोश है और सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उन्होने मांग किया कि अवैध वसूली रोके जाने के साथ ही विकास प्राधिकरण विकास कार्यो का क्रियान्वयन कराये।

# हरियाणाः कांग्रेस, आप में नहीं बन पा रही है बात

नई दिल्ली (आभा)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का संभावित गठबंधन फंस गया है। सूत्रों के अनुसार, आम आदमी पार्टी राज्य में 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से ठीक पहले श्आपश के सूत्रों ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप)



रविवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है। आप के सूत्रों ने दावा किया, ष्हरियाणा में गठबंधन की बातचीत टूटने के कगार पर है और आप राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से 50 पर अपने दम पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है।ष् इससे पहले पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा था कि आप हरियाणा में 10 विधानसभा सीटों की मांग कर रही है, जबकि कांग्रेस पांच से सात सीटों की पेशकश कर रही है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया अलायंस का हिस्सा हैं। दोनों दलों ने हरियाणा, दिल्ली और गुजरात में साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि, पहले तय हुआ था कि यह गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए ही रहेगा, जबकि विधानसभा चुनाव में इंडिया अलायंस के दल अलग–अलग मिलकर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन पहले जम्मू–कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन हुआ तो हरियाणा में अब आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही थी। लोकसभा चुनाव में हरियाणा में आप को कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट दी गई। हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कुरुक्षेत्र से चुनाव लड़ा और भाजपा के नवीन जिंदल से हार गए।


# सरकार को पुरानी पेंशन योजना बहाल करना ही होगा– श्रवण कुमार सिंह




**संवाददाता–बस्ती ।** पुरानी पेंशन सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का हक है। इसे सरकार को बहाल करना ही होगी क्योंकि आज सभी शिक्षक, कर्मचारी जाग गये हैं उन्हें मालूम हो गया है कि उनका हित पुरानी पेंशन योजना में ही सुरक्षित है। सरकार देश के सरकारी कर्मचारियों को भ्रमित करने के लिए ही एक नई ' यूनीफाइड पेंशन योजना' लेकर आई है, जो उनके साथ छलावा है। इस योजना का व्यापक विरोध पूरे देश में हो रहा है। उक्त बातें उ. प्र. सीनियर बेसिक शिक्षक संघ शाखा–बस्ती के तत्वावधान में प्रेस क्लब–बस्ती के सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह ने कहा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि 2006 में अनुदान पर आये विद्यालयों के ऐसे शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 01–04–2005 से पूर्व हुई है वह पुरानी पेंशन के नियमतः हकदार होते हुए भी उससे वंचित रहे हैं। उन्हें उनकी नियुक्ति तिथि से तो सम्पूर्ण सेवालाभ मिला है लेकिन पेंशन की बात आने पर उन्हें 01–04–2005 के बाद का शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी मान लिया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। वर्तमान सरकार ने ऐसे शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को पुरानी पेंशन हेतु विकल्प पत्र भरने का आदेश निर्गत किया है और हमें उम्मीद है कि ऐसे शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ ही सबकी पुरानी पेंशन बहाल होगी क्योंकि सभी सरकारी कर्मचारियों का नारा है, एक देश, एक संविधान, एक पेंशन योजना।

महामंत्री शिवशंकर पाण्डेय ने कहा कि यूनीफाइड पेंशन योजना एन पी एस से भी खराब योजना है। इसमें शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का जो दस प्रतिशत अंशदान काटा जायेगा, वह उसे कभी नहीं मिलेगा। इस योजना में पेंशन का निर्धारण अंशदान कटौती की तिथि से होगा, न कि नियुक्ति तिथि से। साथ पूरी पेंशन पाने के लिए सेवाकाल को बीस वर्ष से पच्चीस वर्ष करना भी न्यायोचित नहीं है। हमें पुरानी पेंशन ही चाहिए। संरक्षक वीरेंद्र मिश्र ने कहा कि हमें हर प्रकार के संघर्ष के लिए तैयार रहना है और अपने वोट का प्रयोग बुढ़ापे की लाठी के लिए करना होगा। उदयभान सिंह ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाली नहीं हो जाती जब–तक हमारी लड़ाई चलती रहेगी। भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी नवनियुक्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे एन पी एस एवं यू पी एस के भ्रम में न पड़कर ओपीएस की लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभायें। धर्मराज यादव ने सेवानिवृत्ति हो चुके पेंशनविहीन साथियों के दर्द को साझा करते हुए सरकार से मांग किया कि सभी की पुरानी पेंशन बहाल हो। धर्मराज चौधरी ने सरकार द्वारा 01–04–2005 के पूर्व विज्ञापित पदों के आधार पर पुरानी पेंशन विकल्प पत्र भराये जाने को लेकर उम्मीद जताया है कि हमारी पुरानी पेंशन हमें जरूर मिलेगी। लखपत सिंह ने संगठन की एकता पर बल देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन के मुद्दे पर हम सभी को एक होकर लड़ाई लड़ना होगा। नेबूलाल यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए पुरानी पेंशन योजना को बेहतर बताते हुए मांग किया कि सरकार सभी के लिए पुरानी पेंशन बहाल करे। बैठक में कृष्णकांत शुक्ल, राहुल सिंह, सर्वेश पाण्डेय, लवकुश शुक्ल, सत्येन्द्र बहादुर पाल, रामानन्द वर्मा, राजेश कुमार उपाध्याय, राजेन्द्र प्रसाद दुबे, परशुराम निषाद, राममूर्ति वर्मा, रामनरेश मौर्य, रामकरन पाल, संतराम यादव, नरसिंह, गंगाराम वर्मा, रामतौल, विजय बहादुर सिंह, चिंतामणि, रीतेश कुमार श्रीवास्तव, राम स्वारथ सिंह, दीपक श्रीवास्तव, विजय कुमार सिंह, राममूर्ति यादव, परवेज आलम, भानु प्रताप शुक्ल, रवि प्रकाश, मुकेश सिंह, फूलचंद चौधरी, हीरालाल चौधरी, मनोज कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश, रवि कुमार गौतम, जयवीर सिंह, कृष्ण कुमार द्विवेदी, शैलेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेन्द्र सिंह ने किया।

# यूपी में शिक्षक संघर्ष के रास्ते पर




**लखनऊ (आभा)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच के आदेश का अनुपालन कराने के लिए लगातार आंदोलन कर रहे 69000 शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का आवास घेरा। सुबह लगभग 11 बजे बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी यहां धरने पर बैठ गए और नियुक्ति दिए जाने की मांग की। वहीं दोपहर में हुई भारी बरसात के बीच भी वे डटे रहे और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात के बाद ही लौटे।

अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि हम ओबीसी और एससी वर्ग के नेताओं व मंत्रियों के आवास का घेराव इसलिए भी कर रहे हैं कि वे मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर इस मामले का समाधान कराएं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने धरना दे रहे अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर बात की। अभ्यर्थियों का ज्ञापन लेते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में जल्द ही वह मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करेंगे। साथ ही अभ्यर्थियों की भी मुलाकात कराएंगे। प्रतिनिधिमंडल में अमरेन्द्र पटेल, वीरेन्द्र, विजय, अर्चना, विक्रम शामिल थे।पांच सितंबर से प्रदेशभर के 1.42 लाख शिक्षामित्र भी लखनऊ में डेरा डालेंगे। मानदेय बढ़ाने व नियमितीकरण के लिए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि ईको गार्डन में सुबह 10 बजे से तब तक अभ्यर्थी धरने पर रहेंगे, जब तक उनकी मांग नहीं सुनी जाती। वहीं दूसरी तरफ आदर्श समायोजित शिक्षक–शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से बेसिक शिक्षा निदेशालय में धरना दिया जाएगा।

# किसान का शव रखकर रास्ता जाम, मुकदमा दर्ज होने पर माने ग्रामीण

**संवाददाता–देवरिया।** जिले का रुद्रपुर क्षेत्र के एकौना के नगवा खास में गुरुवार को भैंस चराने गए एक किसान की हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम उसका शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा। परिजनों ने रात में उसका अंतिम संस्कार नहीं किया।

शुक्रवार की सुबह मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ गांव के सामने रास्ता जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम रत्नेश तिवारी और सीओ अंशुमान श्रीवास्तव के निर्देश पर मामले में पांच के खिलाफ हत्या का केस दर्ज हुआ। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण अंतिम संस्कार को तैयार हुए। इस दौरान करीब ढाई घंटे तक नारायनपुर–असवनपार मार्ग जाम रहा। एकौना थाना क्षेत्र के नगवां खास गांव के रहने वाले रामानंद यादव (65) पुत्र बृजलाल यादव गुरुवार की दोपहर में अन्य ग्रामीणों के साथ भैंस चराने राप्ती नदी के किनारे द्वाबा क्षेत्र में गए थे। यह इलाका झाड़–झंखाड़ और झाड़ियों से भरा है। उसी दौरान नारायनपुर–नगवा मार्ग पर किसी ने उनके ऊपर हमला कर दिया। गर्दन, सीना और हाथ पर गंभीर हमला होने के चलते वे जख्मी होकर गिर पड़े। उनकी चीख सुन कर आसपास के चरवाहे घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने इसकी जानकारी परिजनों को दी। आनन–फानन में लोग उन्हें लेकर सीएचसी रुद्रपुर पहुंचे जहां से स्थिति गंभीर देख चिकित्सक ने देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां इमरजेंसी में इलाज के दौरान रामानंद की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस का कहना था कि जंगली जानवर के हमले में मौत हुई है जबकि मृतक के बेटे धर्मेंद्र यादव हत्या का आरोप लगा रहे थे। पुलिस की टाल–मटोल देखकर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। उन्होंने पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचने पर अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने नारायनपुर–असवन पार मार्ग को नगवाखास गांव के सामने जाम कर दिया। सुबह 9ः00 बजे रास्ता जाम होने की खबर मिलते ही मौके पर एसडीएम रत्नेश तिवारी, सीओ अंशुमान श्रीवास्तव और तीन थानों की पुलिस पहुंच गई।

# कजली तीज के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**संवाददाता–गोण्डा।** गोंडा मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर खरगूपुर कस्बे के निकट पृथ्वीनाथ मंदिर में भगवान शिव के साक्षात दर्शन होते हैं। पांडवों के अज्ञातवास के दौरान यहां भीम द्वारा स्थापित साढ़े 5 फुट ऊंचा एशिया महाद्वीप का सबसे विराटतम शिवलिंग है। प्राचीनतम समय में इस क्षेत्र में पांडव अपनी मां कुंती के साथ रहते थे। इस क्षेत्र के लोग ब्रह्म राक्षस से पीड़ित थे। भीम ने उसका वध कर दिया था। अभिशाप से मुक्ति पाने के लिए उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के मार्गदर्शन के बाद भगवान शिव की उपासना के लिए इस विराटतम शिवलिंग की स्थापना किया था। पुरातत्व विभाग की मानें तो एशिया महाद्वीप का सबसे बड़े शिवलिंग में से है। जिसकी जमीन के अंदर 64 फीट गहराई ,जबकि जमीन के ऊपर अरघे समेत साढ़े 5 फीट ऊंचा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार खरगूपुर के राजा गुमान सिंह के अनुमति से यहां के पृथ्वी सिंह ने मकान निर्माण के लिए खुदाई शुरू की, उसी रात स्वप्न में पता चला कि जमीन के नीचे सात खंडों में शिवलिंग है। स्वप्न के अनुसार उन्होंने इस मंदिर का निर्माण कराया तभी से इस मंदिर का नाम पृथ्वीनाथ मंदिर पड़ा। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होने के साथ ही पृथ्वीनाथ मंदिर वास्तुकला का अद्भुत नमूना है। मंदिर के पुजारी जगदंबा प्रसाद तिवारी ने बताया कि वैसे यहां तो प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। यद्यपि श्रावणमास व हर तीसरे साल पड़ने वाले अधिमास मे यहां लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। महाशिवरात्रि पर्व व कजलीतीज के अवसर पर यहां की बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को करीब 5 से 6 किलोमीटर तक बैरिकेडिंग करनी पड़ती है। कर्नलगंज नगर से मात्र 3 किलोमीटर दूर हुजूरपुर रोड पर स्थित पौराणिक बरखंडी नाथ महादेव मंदिर के शिवलिंग की गहराई का आज तक किसी को पता नहीं चला। बताया जाता है कि जब कर्नलगंज क्षेत्र पूरा भाग जंगल था। तब जंगल में चरवाहे अपनी जानवर को चराने आते थे। तथा मूंज को एकत्र कर उसे कूटते तथा रस्सी बनाते थे। एक दिन जिस पत्थर पर कूट रहे थे। अचानक खून निकलने लगा , इसकी जानकारी श्रावस्ती के राजा को हुई। वह अपने हाथी घोड़ों के साथ वहां पहुंचे तथा पत्थर को जंजीर से बांधकर हाथी से खींचने लगे।

किंतु पत्थर को निकाल ना सके। जब खुदाई भी नाकाम रही और वह बीमार पड़ गए तब एक रात्रि स्वप्न देखा कि मंदिर बनवाने से ठीक हो सकते हैं।उन्होंने मंदिर का निर्माण कराया। तथा वहां पुजारी की नियुक्ति की मंदिर नियमानुसार यहां का पुजारी जीवन भर अविवाहित रहेगा। प्रथम पुजारी की 32 वीं पीढ़ी के महंत सुनील पुरी वर्तमान में इस मंदिर की देखरेख करते हैं। जनपद वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम नगवा बल्हाराई में स्थित बालेश्वर नाथ मंदिर को लेकर धार्मिक ग्रंथ श्रीमद्भागवत में वर्णित है। कि भगवान राम के पूर्वज राजा सुदुम्न द्वारा स्थापित बालेश्वर नाथ मंदिर की मान्यता है कि जंगल क्षेत्र होने के नाते यहां पर भगवान शिव और माता पार्वती भ्रमण किया करते थे। इसलिए यह क्षेत्र इंसानों के लिए वर्जित था। अवधारणा है कि राजा सुदुम्न शिकार के दौरान जंगल में प्रवेश कर गए। जिन्हें माता पार्वती ने स्त्री बन जाने का श्राप दिया। स्त्री बन जाने के बाद राजा दुविधा में पड़ गए। वह सोचने लगे कि वह अब अयोध्या किस प्रकार जाएंगे। उन्होंने भगवान शिव से अपनी गलती स्वीकार करते हुए क्षमा मांगी। भगवान शिव चाह कर भी श्राप वापस न ले सके। बशर्ते उन्होंने आशीर्वाद दिया कि 6 महीने तक स्त्री व छह महीने तक पुरुष के रूप में रहोगे। इस तरह जब राजा पुरुष के वेशभूषा में होते थे, तो अयोध्या और जब स्त्री के वेशभूषा में होते थे, तब वह जंगल में भगवान शिव की आराधना करते थे। इनके द्वारा स्थापित शिव मंदिर आज बाबा बालेश्वर नाथ के नाम से जाना जाता है।

मुख्यालय के स्टेशन रोड स्थित बाबा दुखहरण नाथ मंदिर अति प्राचीनतम है। बताया जाता है कि पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान यहां पर एक शिवलिंग की स्थापना की गई थी। बाद में इस मंदिर का निर्माण गोंडा नरेश ने करवाया। यह मंदिर पूरी तरह पत्थरों से बना भगवान शिव को समर्पित है। मान्यता है कि यहां पर जलाभिषेक व पूजा अर्चना करने से श्रद्धालुओं के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। यहां पर पूरे वर्ष प्रत्येक शुक्रवार व सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। सावन मास में सोमवार व शुक्रवार को शिव भक्तों की अपार भीड़ जलाभिषेक करती है। जिसके लिए प्रशासन को रूट डायवर्जन के साथ–साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने पड़ते हैं। कजली तीज के अवसर पर कर्नलगंज स्थित पवित्र सरयू नदी से नंगे पैर लाखों की संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक करते हैं।

# बिना चिंता इलाज कराइए, पैसा सरकार देगी, जनता दर्शन में बोले सीएम योगी



**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। इलाज में जो भी पैसा खर्च होगा वह सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक–एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। बात करने के दौरान भावुक हो गई एक महिला को आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने सभी से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए। शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान एक वृद्ध महिला से मुलाकात कर और उसकी समस्या जानकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी भावुक उठे। अपने घर वालों के उपेक्षात्मक रवैये से आहत इस वृद्ध महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि उम्र के इस पड़ाव में अपने ही परिवार से मिल रहा दुख वह नहीं सहन कर पा रही है। सीएम योगी ने पूछा कि वह क्या चाहती हैं? बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसकी इच्छा अब जीवन के बाकी बचे दिन किसी धर्मनगरी में बिताने की है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'माई! वृंदावन या काशी या जहां भी रहने की इच्छा हो, बता दो। सारी व्यवस्था हम कर देंगे।' मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस वृद्ध महिला की सम्मान सहित देखभाल की जाए और जिस भी जगह यह जाना चाहती हैं, वहां भेजकर रहने और अन्य जरूरतों की सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# प्रशासन के बार, बार बदलते फरमान से व्यापारी सांसत में

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन का बार, बार बदल रहा फरमान व्यापारियों व आम लोगों पर भारी पड़ रहा है। शोहरतगढ़ क्षेत्र में नेपाल बॉर्डर पर स्थित खुनुवा बाजार प्रशासन ने आठ माह पूर्व बीच सड़क से 43 फुट अतिक्रमण हटाया था और अब एसडीएम ने 65 फुट तक तोड़ने का मौखिक फरमान जारी कर व्यापारियों व आम लोगों की नींद उड़ा दी है। शुक्रवार को व्यापारियों व आम लोगों ने डीएम से मिल कर न्याय की गुहार लगाई है। जयराम, सुनील कुमार, सचमुच त्रिपाठी, अमित, मुकेश, गोलू, विनोद, शेषराम आदि कलक्ट्रेट पहुंचे। डीएम डॉ राजागणपति आर को ज्ञापन सौंप। बताया कि आप तीन सितंबर को खुनुवा गए थे तो अस्थाई अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। आपके आदेश के बाद हम लोगों ने छाजन वगैरह हटा लिया था। डीएम को बताया कि पांच सितंबर को एसडीएम शोहरतगढ़ आए और उन्होंने बीच सड़क से दोनों 65 फुट पक्का निर्माण तोड़ने का मौखिक आदेश दिया। व्यापारियों व आम लोगों ने डीएम को बताया कि प्रशासन ने ही आठ माह पूर्व सड़क से दोनों ओर 43 फुट अतिक्रमण हटाया था। अतिक्रमण हटाने के बाद टूटी दुकानों व मकानों को लोगों ने दायरे में रहते हुए नए सिरें से बनवा लिया। अब एसडीम ने आकर 65 फुट तक का अतिक्रमण हटाने का आदेश दे दिया है। कहा कि इससे व्यापारी और आम लोग बरबाद हो जाएंगे। उन्होंने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है। डीएम ने मिलने आए व्यापारियों व आम लोगों से कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। जो भी कुछ होगा वह नियम के तहत होगा।

# कुश्ती में अरुण, राजेश, विष्णु, विवेक, मनजीत व सोनालिका जीते

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के धनघटा तहसील क्षेत्र के आदर्श इण्टर कालेज उमरिया बाजार में जनपद स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में अरुण, राजेश, विष्णु, विवेक, मनजीत व सोनालिका ने अपने भार वर्ग में कुश्ती जीत ली। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र मिश्र रहे। विजेता प्रतिभागियों को जिला विद्यालय निरीक्षक ने मेडल पहना कर सम्मानित किया।

कुश्ती प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने विभिन्न भार वर्ग में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सब जूनियर बालक वर्ग 35 किलो भार में टुंगपार इंटर कॉलेज के अरुण, 41 किलो भार वर्ग में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के राजेश, 44 किलो भार वर्ग में नेहरू इंटर कॉलेज खलीलाबाद के विष्णु, 48 किलो भार वर्ग में हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के विवेक, 52 किलो भार वर्ग में 68 किलो भार वर्ग में जगतगुरु इंटर कॉलेज के मनजीत सिंह विजयी रहे। बालिका वर्ग से 45 किलो भार वर्ग से सोनालिका राय, 50 किलो भार वर्ग में मगहर इंटर कॉलेज की साक्षी पाल, विजयी रहीं। 48 किलो भार वर्ग में आकाश यादव नेहरू इंटर कॉलेज खलीलाबाद, 55 किलो भार वर्ग में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज की हरकेश, 60 किलो भार वर्ग में टुंगपार इंटर कॉलेज के त्रिपुरारी ,80 किलो भार वर्ग में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के रोहन यादव, जूनियर बालक वर्ग में 45 किलो भार में नेहरू इंटर कॉलेज के विकास , 48 किलो भार में टुंगपार इंटर कॉलेज के रंजीत यादव, विकास यादव, 51 किलो भार वर्ग में ताहिर अली, 55 किलो भार वर्ग में जोगिंदर, 60 किलो भारत वर्ग में टुंगपार इंटर कॉलेज के श्याम विजेता घोषित किए गए।

# पहले महिला को चाकू से गोद कर मार डाला, फिर थाने पहुंच कर पुलिस को बताई वारदात



**संवाददाता–देवरिया।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र में एक महिला की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या कर दी गई। शव को नहर की पटरी के किनारे धान के खेत में फेंक दिया। बताया जाता है कि हत्या करने वाले ने थाने पहुंच हत्या की जानकारी देते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद पुलिस और फारेंसिक टीम डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही हत्या की जांच में जुट गई। गौरीबाजार के बंसहिया नहर किनारे शुक्रवार सुबह धान के खेत में महिला की रक्तरंजित शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। महिला के पेट व सिर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए थे। नहर की पटरी पर खून बिखरा पड़ा था। महिला की पहचान महुआडीह थाना क्षेत्र के रामपुर दुबे निवासी सरिता दुबे (35) पत्नी स्व. नितेश उर्फ डब्लू के रूप में हुई है। हत्या करने के बाद शुक्रवार को भोर में हत्यारे ने खुद हत्या की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। सूचना के बाद पुलिस डॉग स्क्वायड और फारेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच जांच की। इधर पुलिस ने महिला के पड़ोस में रहने वाले दुकानदार सहित छह लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि एक महिला की हत्या करने के बाद आरोपी थाने पहुंच खुद सरेंडर कर दिया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। एक–दूसरे से प्रेम करने वाले दोनों प्रेमी एक साथ गौरीबाजार के लिए बृहस्पतिवार की शाम को निकले थे। वो कहां गए और रात में कहां रुके इसकी जानकारी किसी को नहीं है। भोर में दोनों घटनास्थल पर कैसे पहुंचे इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पुलिस सरेंडर करने वाले आरोपी से पूछताछ कर रही है। चर्चा है कि पति की मौत के बाद आरोपी के साथ किसी तीसरे की एंट्री हो गई थी। जिसे लेकर महिला और उसके प्रेमी से विवाद भी हुआ था। हो न हो तीसरे की एंट्री से खार खाए प्रेमी ने नाराज होकर घटना को अंजाम दिया है। घटनास्थल पर बिखरे खून से लगता है महिला और हत्यारे में कुछ देर संघर्ष हुआ है। पति की एक वर्ष पूर्व सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। महिला को तीन बेटियां और एक बेटा है। अप्रैल माह में उसने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। मृत महिला और सरेंडर करने वाले आरोपी के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चर्चा है कि इस बात को लेकर महिला के पति से अक्सर विवाद होता रहता था। पति अपनी पत्नी की इस हरकत से परेशान था। यही नहीं गांव में भी महिला के प्रेम प्रसंग के किस्से की खूब चर्चा होती थी। सूत्रों की माने तो इनकी फेसबुक पर भी कई आपत्तिजनक पोस्ट मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने रैली निकाल किया जागरूक

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** खेसरहा ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जागरूक किया गया। इसके बाद बीडीओ विजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कार्यकत्रियों की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली को रवाना किया। ब्लॉक परिसर से आंगनबाडी कार्यकत्रियों ने कस्बे में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान कुपोषण को हराना है जंग में अलख जगाना है, शिशु का आहार सोच विचार करो चुनाव आदि नारे लगाए गए।

# डा. अम्बेडकर शिक्षा समिति ने गुरूजनों को सम्मानित कर छात्रों में किया शैक्षणिक सामग्री का वितरण




**संवाददाता–बस्ती।** डा. अम्बेडकर शिक्षा समिति के दूसरे स्थापना दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष दिग्विजय कुमार के संयोजन में बनकटी विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय कुरियार, भैंसवलिया, मोहनाखोर के साथ ही अम्बेडकर पार्क सिरौता, मसजिदिया आदि स्थानों पर छात्र–छात्राओं में निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। इसी कड़ी में शिक्षक दिवस पर गुरूजनों को कलम भेंट कर उनके योगदान की सराहना की गई। डा. अम्बेडकर शिक्षा समिति के संस्थापक अध्यक्ष दिग्विजय कुमार ने आयोजित कार्यक्रमों में कहा कि बाबा साहब ने सदैव शिक्षा अर्जित करने पर जोर दिया। समिति की स्थापना भी शिक्षक दिवस पर किया गया। समिति की ओर से अनेक गांवों में पाठशाला संचालित कर छात्रों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करायी जा रही है। समाजसेवी इन्द्रसेन राव ने कहा कि आज भी अनेक गांवों में अभिभावक गरीबी के कारण अपने पाल्यों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध नहीं करा पाते। ऐसे में समिति का यह छोटा प्रयास है जिससे स्कूली छात्रों के चेहरों पर मुस्कान लाया जा सके। कार्यकमों में देवेन्द्र प्रताप, दिनेश आजाद, अरविन्द, लालचंद, सोनू, रूपेश राव, बलवन्त भारती, गोविन्द कुमार, अमरेश राव, वृजेश कुमार, अनुराग कुमार, अमरनाथ, धीरेन्द्र निराला, राजन कुमार, राजेन्द्र भाष्कर आदि ने योगदान दिया।

# अगले चार सालों में देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनेगा यूपी, सातवें पायदान से दूसरे पर ले आए हैं -सीएम योगी

**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विकास और सुरक्षा का मॉडल ही वर्तमान और भावी पीढ़ी को उज्जवल भविष्य के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा और इसका लाभ अनंत काल तक प्राप्त होगा। सरकार के विकास प्रस्तावों में विघ्न डालने के बजाय विकास का सहभागी बनना चाहिए क्योंकि इसी में पीढ़ियों का भविष्य जुड़ा है इसलिए विकास का सिलसिला निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। सीएम योगी पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के सोनबरसा में 535 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन विकास परियोजनाओं में प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा को स्मार्ट स्कूल बनाने, इसी ग्राम पंचायत में स्मार्ट पंचायत भवन और बालापार–टिकरिया मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण व बालापार–टिकरिया–गांगी बाजार मार्ग के फोरलेन में उच्चीकरण तथा नवीन थाना सोनबरसा के प्रशासनिक–आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के शिलान्यास शामिल हैं।

समारोह में उपस्थित जनसमूह से मुख्यमंत्री ने प्रदेश और गोरखपुर के विकास को लेकर विस्तृत से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विकास होगा तभी उद्यमिता बढ़ेगी। क्षेत्र में नए–नए युवा उद्यमी बन पाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए दो चरणों में ब्याज मुक्त लोन देने की व्यवस्था कर दी है। पहले चरण में पांच लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत लोन लेने वाले युवा को बैंकों को सिर्फ मूल पूंजी वापस करनी होगी, ब्याज का पैसा सरकार चुकता करेगी। सीएम योगी ने कहा कि आज बालापार, टिकरिया और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए रेल ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया गया है। इसके साथ ही बालापार, टिकरिया से लेकर गांगी तक फोरलेन सड़क का शिलान्यास किया गया है। इससे इस क्षेत्र के लोगों का जीवन बहुत आसान हो जाएगा। आधे घंटे की दूरी अब पांच मिनट में पूरी हो जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि फोरलेन निर्माण के लिए उन्होंने निर्देश दे रखा है कि फोरलेन बनाने के दौरान मकान नहीं टूटने चाहिए, भले ही फोरलेन का नक्शा बदलना पड़े। इसके साथ ही सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सोनबरसा में नया थाना बन जाने से लोगों की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे जमीन के मुआवजे के पैसों से दूरदराज के क्षेत्र में खेत खरीदें और कुछ नया काम भी शुरू करें। इससे आने वाली पीढ़ी खुशहाल बनेगी।

सीएम योगी ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत की तूती बोलती है। भारत की पहचान पूरी दुनिया में विकास के एक मॉडल के रूप में बनी है। देश विश्व की पांचवीं सबसे



बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आने वाले तीन वर्षों में यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और इसमें उत्तर प्रदेश की भी बड़ी भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी थी तब उत्तर प्रदेश देश में सातवें नंबर की अर्थव्यवस्था था। सात सालों में यूपी दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था है और आने वाले चार सालों में यह देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था होगा। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। गोरखपुर का विकास इसका प्रमाण है। आज गोरखपुर में बंद पड़ा खाद कारखाना फिर से चल रहा है। एम्स बन गया है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज बेहतरीन सुविधाओं का केंद्र बन गया है। गोरखपुर का रामगढ़ताल पर्यटन और रोजगार का नया केंद्र बन गया है। गोरखपुर में चारों तरफ सड़कों का संजाल बिछ चुका है। मेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग की पढ़ाई के लिए अब कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है। आयुष विश्वविद्यालय भी बनकर लगभग तैयार है। पिपराइच में चीनी मिल चल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ताल की ही तर्ज पर चिलुआताल का भी पर्यटन विकास कराया जा रहा है। यह पर्यटन का नया केंद्र बना है और इससे रोजगार की संभावनाएं भी आगे बढ़ेंगी। सीएम योगी ने कहा कि एक समय यहां लोकार्पण और शिलान्यास के समारोह की बात भी नहीं सोची जा सकती थी। इंसेफेलाइटिस के चलते बच्चे दम तोड़ते थे। कोहराम मचा रहता था। आज सरकार ने अपराध और अपराधियों के साथ इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी को भी दूर भगा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक दौर वह भी था जब कोई बाहरी व्यक्ति गोरखपुर आना नहीं चाहता था। आज राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक गोरखपुर आते हैं। उन्होंने बताया कि कल उपराष्ट्रपति सैनिक स्कूल का उद्घाटन करने गोरखपुर आएंगे। सीएम ने कहा कि सोनबरसा में खाद कारखाना के सीआरएस फंड से बने स्कूल को आसपास के लोगों को भी देखना चाहिए कि हमारे विद्यालय कैसे होने चाहिए। स्मार्ट पंचायत भवन भी बना है। जैसे प्रदेश का सचिवालय होता है, वैसे ही ग्राम पंचायत का भी ग्राम सचिवालय होता है। सरकार 57 हजार ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय बना रही है। इनके जरिए अब ग्रामीणों को जरूरी प्रमाण पत्रों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, सभी जरूरी प्रमाण पत्र ऑनलाइन ग्राम सचिवालय से ही मिल जाएंगे।

इस अवसर पर सांसद रविकिशन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे देश में नंबर वन सीएम हैं। उनकी डिमांड पूरी दुनिया में है। उन्होंने गोरखपुर को नई उम्मीदों का शहर बना दिया है। लोकार्पण समारोह को विधायक महेंद्रपाल सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, श्रीराम चौहान, प्रदीप शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोनबरसा गांव में आयोजित समारोह में 88 करोड़ 46 लाख 98 हजार रुपये की दो विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 546 करोड़ 19 लाख 11 हजार रुपये की तीन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। लोकार्पण की प्रमुख परियोजना बालापार–टिकरिया मार्ग स्थित रेल समपार संख्या–6 के स्पेशल टू लेन रेल ओवरब्रिज शामिल है। इसके निर्माण पर 84 करोड़ 87 लाख 58 हजार रुपये की लागत आई है। मुख्यमंत्री सोनबरसा गांव में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के सीएसआर फंड से जीडीए द्वारा बनवाए गए स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट पंचायत भवन का भी लोकार्पण किया। इस पर 3 करोड़ 59 लाख 40 हजार रुपये की लागत आई है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के हाथों बालापार–टिकरिया–गांगी बाजार मार्ग के फोरलेन में चौड़ीकरण (लागत 519.62 करोड़), रिपोर्टिंग पुलिस चौकी सिकटौर को उच्चीकृत कर थाना सिकटौर सोनबरसा हेतु प्रशासनिक व आवासीय भवनों (लागत 26.56 करोड़) के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी हुआ।

## डीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण



**संवाददाता–बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने ब्लाक कुदरहाँ के ग्राम शिवपुर गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने पाया कि परिसर में दो शेड, एक भूंसा शेड एवं पक्की बाउंडरी है। वर्तमान में 64 पशु संरक्षित किये गए हैं। पशुओं का सामान्य स्वास्थ्य ठीक था। पशु चिकित्साधिकारी का नियमित भ्रमण होता है।

उन्होने देखा कि दो में से एक शेड प्रयोग में नहीं था, जिससे दूसरे शेड में संख्या अधिक थी। पहला शेड जीर्ण शीर्ण भी था। जिलाधिकारी के पूछने पर अवगत कराया गया कि स्थल का आधा भाग नीचा होने के कारण कुवानो नदी के बढ़ने पर वहाँ जलप्लावन हो जाता है। उसी से मिट्टी धंसाव के कारण ही शेड में क्षति हुई है। बाढ़ सीजन के बाद मिट्टी पटाई कर के शेड की मरम्मत की जाएगी।

# सेन्ट्रल एकेडमी में केक काटकर मनाया गया शिक्षक दिवस




**संवाददाता–बस्ती।** सेन्ट्रल एकेडमी में शिक्षक दिवस का पर्व उत्साह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ केक काटकर मनाया गया। मुख्य अतिथि ऋषि तिवारी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुये कहा कि गुरु–शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। जीवन में माता–पिता का स्थान कभी कोई नहीं ले सकता, क्योंकि वे ही हमें इस रंगीन खूबसूरत दुनिया में लाते हैं। कहा जाता है कि जीवन के सबसे पहले गुरु हमारे माता–पिता होते हैं। भारत में प्राचीन समय से ही गुरु व शिक्षक परंपरा चली आ रही है, लेकिन जीने का असली सलीका हमें शिक्षक ही सिखाते हैं। सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

निदेशक जे.पी. तिवारी, निदेशिका सीमा तिवारी, सहायक निदेशक अनुज तिवारी ने कहा कि शिक्षक दिवस पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करने का दिन है जिन्होंने अपना जन्म दिन गुरूजनों को समर्पित कर दिया। प्रधानाचार्य दीपिका तिवारी ने कहा कि 'गुरु' का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व होता है। समाज में भी उनका अपना एक विशिष्ट स्थान होता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा में बहुत विश्वास रखते थे। वे एक महान दार्शनिक और शिक्षक थे। उन्हें अध्यापन से गहरा प्रेम था। एक आदर्श शिक्षक के सभी गुण उनमें विद्यमान थे।

इस अवसर पर छात्रों ने गुरूजनों के चरणों में श्रद्धा अर्पित कर उन्हें उपहार भेंट किया। निदेशक जे.पी. तिवारी ने गुरूजनों को विशेष उपहार देते हुये कहा कि इनके सहयोग और समर्पण के बिना विद्यालय चलाना असंभव है। कार्यक्रम में आबिद अरशद, शैलेन्द्र, द्विजेन्द्र, अजय दूबे, साक्षी, उन्नति, दया, गीताजंलि, श्वेता चौधरी आदि ने छात्रों को शिक्षक दिवस के महत्व की जानकारी दिया।छात्र–छात्राओं मानसी, रौनक, शिवाकान्त, सृष्टि, आदिश्री, खुशी, सचिन, हर्षित दूबे, फरहान, सर्वेश, शाश्वत, शिवांश राय, अभिज्ञान बाल्मीकि, हर्षित दूबे, अलका, आराध्या, कार्तिक दूबे आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया।

# जयन्ती पर याद किये गये पेरियार ललई सिंह यादव




**संवाददाता–बस्ती।** भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन के संयोजन में प्रेस क्लब सभागार में पेरियार ललई सिंह यादव को जयन्ती पर याद किया गया। अध्यक्षता आनन्द कुमार गौतम और संचालन हृदय गौतम ने किया। कार्यक्रम में आर.के. आरतियन, ठाकुर प्रेम नन्दबंशी, डा. विनोद कुमार, डा. विजय शंकर, रेनू बाला, चन्द्रिका प्रसाद, बुद्ध प्रिय पासवान, तिलकराम गौतम आदि ने सम्बोधित किया। कहा कि द्रविड़ आंदोलन के अग्रणी, सामाजिक क्रांतिकारी पेरियार ईवी रामासामी नायकर की किताब सच्ची रामायण को पहली बार हिंदी में लाने का श्रेय ललई सिंह यादव को जाता है। उनके द्वारा पेरियार की सच्ची रामायण का हिंदी में अनुवाद करते ही उत्तर भारत में तूफान उठ खड़ा हुआ था। वक्ताओं ने कहा कि उन्हें पेरियार की उपाधि पेरियार की जन्मस्थली और कर्मस्थली तमिलनाडु में मिली. बाद में वे हिंदी पट्टी में उत्तर भारत के पेरियार के रूप में प्रसिद्ध हुए। बहुजनों के नायक पेरियार ललई सिंह का जन्म 1 सितम्बर 1921 को कानपुर के झींझक रेलवे स्टेशन के पास कठारा गांव में हुआ था। अन्य बहुजन नायकों की तरह उनका जीवन भी संघर्षों से भरा हुआ है। वह 1933 में ग्वालियर की सशस्त्र पुलिस बल में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे, पर कांग्रेस के स्वराज का समर्थन करने के कारण, जो ब्रिटिश हुकूमत में जुर्म था, वह दो साल बाद बर्खास्त कर दिए गए। उन्होंने अपील की और अपील में वह बहाल कर दिए गए। 1946 में उन्होंने ग्वालियर में ही 'नान–गजेटेड मुलाजिमान पुलिस एण्ड आर्मी संघ' की स्थापना की, और उसके सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम सुमेर यादव, बुद्धेश राना, राम अवतार पासवान, भन्ते प्रज्ञानन्द, मो. जावेद, दुर्गेश कुमार, राम अचल यादव, रामवृक्ष गौतम, मनीराम मौर्य, विमला देवी, डा. रिफाकत अली, विनय कुमार, सीताराम भारती, राम दुलारे गौतम के साथ ही भारत मुक्ति मोर्चा सहित अनेक संगठनों के लोग शामिल रहे।

# शिक्षक दिवस : डायट प्राचार्य, बीएसए ने शिक्षकों को सम्मानित किया

**संवाददाता**–बस्ती। भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में गुरुवार को मनाया गया। जिसमें नामांकन वृद्धि, शिक्षा की गुणवत्ता, उन्नयन में उल्लेखनीय कार्य के लिए जनपद के 55 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र देकर डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल और बीएसए अनूप कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि शिक्षक प्रेरणा के स्तंभ होते हैं, जो छात्रों को उनकी शैक्षिक यात्रा में मार्गदर्शन करते हैं और उनमें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास और ज्ञान भरते हैं। वे न केवल बच्चों में सर्वश्रेष्ठ को सामने लाते हैं, बल्कि उन्हें करुणा, संगठन, संचार और प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी सिखाते हैं। बीएसए अनूप कुमार ने कहा कि



प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाता रहा है। शिक्षकों का विद्यार्थियों के साथ एक अनोखा रिश्ता होता है और वे हमेशा उन्हें बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर खण्ड बीईओ विनोद त्रिपाठी, प्रभात श्रीवास्तव, छनमन गौड़, विजय आनन्द, धीरेन्द्र त्रिपाठी, डीसी सुनील त्रिपाठी, स्वप्निल श्रीवास्तव, डायट प्रवक्ता डॉ गोविंद प्रसाद, डॉ रविनाथ, शशि दर्शन त्रिपाठी, अलीउद्दीन, मो इमरान खान, वर्षा पटेल, अमन सेन यादव, सरिता, वंदना, कुलदीप चौधरी, नवनीत वर्मा, गरिमा पटेल, अनिल चौधरी, डॉ सर्वेष्ट मिश्र, आशीष श्रीवास्तव, अंगद पाण्डेय, दुर्गेश यादव, महेंद्र, मनोज चौधरी, डॉ. प्रमोद सिंह, विद्यासागर वर्मा, ललित उपाध्याय, राजीव उपाध्याय, नीलम पाण्डेय, सुरेन्द्र चौधरी, शांति देवी, आशा त्रिपाठी, अन्तिका सिंह, उपेन्द्र कुमार, अजीत कुमार, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित





**नई दिल्ली (आभा)।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर सुनवाई की है। वहीं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखा।

जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि श्सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में जो एफआईआर दर्ज की है, उसमें केजरीवाल का नाम नहीं है। साथ ही केजरीवाल को बीते दिनों अंतरिम जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली सीएम समाज के लिए खतरा नहीं हैं।' सिंघवी ने ये भी कहा कि दो बार सुप्रीम कोर्ट और एक बार ट्रायल कोर्ट केजरीवाल को जमानत पर रिहा करने का आदेश दे चुका है।

सिंघवी के अनुसार, एक बार सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए जमानत पर रिहा किया था और एक बार ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी केजरीवाल को जमानत मिल चुकी है। सिंघवी ने दलील दी कि केजरीवाल एक संवैधानिक पद पर हैं और समाज के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि श्सीबीआई ने दो वर्षों में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी, लेकिन फिर बीती 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल की गिरफ्तारी एक तरह से इंश्योरेंस गिरफ्तारी थी।

# पुण्यतिथि पर समाजवादियो ने बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा को याद किया

**संवाददाता–बस्ती।** गुरूवार को समाजवादियों ने पार्टी कार्यालय पर बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा को उनकी पुण्य तिथि पर याद किया। जिला उपाध्यक्ष जावेद पिण्डारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डाला। जावेद पिण्डारी ने कहा कि जगदेव बाबू एक महान राजनीतिक दूरदर्शी थे, वे हमेशा शोषित समाज की भलाई के बारे में सोचा।

सपा नेता जमील अहमद, समीर चौधरी, मो. सलीम, मो. स्वालेह, अरविन्द सोनकर आदि ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद ने सोशलिस्ट पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया और समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके इसको घर–घर पहुंचा दिया। एक संजीदा पत्रकार की हैसियत से उन्होंने दलित–पिछड़ों–शोषितों की समस्याओं के बारे में खूब लिखा तथा उनके समाधान के बारे में अपनी कलम चलायी। 5 सितम्बर 1974 को जगदेव बाबू हजारों की संख्या में 'शोषित समाज' का नेतृत्व करते हुए अपने दल का



काला झंडा लेकर आगे बढ़ने लगे। कुर्था में तैनात डी.एस.पी. ने सत्याग्रहियों को रोका तो जगदेव बाबू ने इसका प्रतिवाद किया और विरोधियों के पूर्वनियोजित जाल में फंस गए। सत्याग्रहियों पर पुलिस ने अचानक हमला बोल दिया। जगदेव बाबू चट्टान की तरह जमें रहे और और अपना क्रांतिकारी भाषण जारी रखा, निर्दयी पुलिस ने उनके ऊपर गोली चला दी। गोली सीधे उनके गर्दन में जा लगी, वे गिर पड़े। पुलिस घायलावस्था में उन्हें पुलिस स्टेशन ले गयी। पानी–पानी चिल्लाते हुए जगदेव जी ने थाने में ही अंतिम सांसे ली। ऐसे महान सपूत से प्रेरणा लेने की जरूरत है। बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा को उनकी पुण्य तिथि पर याद करने वालों में अजय यादव, विपिन त्रिपाठी, विवेक यादव डिम्पल, मो. युनुस, तूफानी यादव, इन्द्रावती शुक्ल, अजय दूबे, जयराज यादव, राजेन्द्र, राजेन्द्र यादव, राजदेव प्रसाद, अखिलेश यादव, चन्द्रहास यादव, बलवंत यादव, मन्नू सिंह अशोक यादव, सन्तोष चौधरी, अमित गौड़, जोखू यादव, धर्मवीर यादव, विशाल यादव, धनुषधारी गुप्ता, मो. दाउद, अकबर अली, राम प्रकाश चौधरी के साथ ही अनेक सपा नेता, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जल्द पहचान व इलाज से कम समय में ठीक होगा टीबी रोग –सीएमओ

**संवाददाता–बहराइच।** जिले में 9 से 20 सितम्बर तक टीबी यानि क्षय रोग के संभावित मरीजों को चिन्हित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 375 टीमें 8.75 लाख आबादी में घर–घर जाकर टीबी के लक्षणों की जांच करेंगी। अभियान का उद्देश्य टीबी के लक्षणों वाले मरीजों की पहचान कर त्वरित इलाज शुरू करना है, जिससे बीमारी का प्रसार रोका जा सके और मरीज जल्द स्वस्थ हो सके। सीएमओ सभागार में आयोजित सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो मरीज के खांसने और छींकने से फैलता है। इसके लक्षणों में लगातार दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, बलगम या खून आना, बुखार, सीने में दर्द, भूख की कमी और वजन घटने जैसी समस्याएं शामिल हैं। यदि किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण हों, तो उन्हें तुरंत जांच कराकर इलाज शुरू करना चाहिए। टीबी का इलाज बीच में छोड़ना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे बैक्टीरिया दवा–प्रतिरोधी हो जाते हैं और इलाज अधिक कठिन हो जाता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि टीबी का बैक्टीरिया हवा के जरिए भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर फैल सकता है। इसलिए सार्वजनिक स्थानों पर खांसते या छींकते समय मुंह ढकना जरूरी है। यदि घर में किसी को टीबी है, तो अन्य सदस्यों को भी इससे संक्रमित होने का खतरा होता है। टीबी के इलाज के 15–20 दिनों के भीतर मरीज की खांसी बैक्टीरिया रहित हो जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। उन्होंने बताया टीबी की जांच और इलाज की सुविधा जिले के सभी सीएचसी और जिला टीबी अस्पताल में उपलब्ध है. ब्लॉक स्तर के सीएचसी अधीक्षकों से माइक्रोप्लान और कार्ययोजना के साथ साथ टीबी मुक्त पंचायत की समीक्षा की गई। डब्लूएचओ कंसल्टेंट दीपक चतुर्वेदी, डीपीसी रवि शर्मा, एसटीएस, एसटीएलएस सहित सभी ब्लॉकों के सीएचसी अधीक्षक उपस्थित रहे।

# पार्टी की मजबूती के लिये सदस्यता अभियान तेज करेगी रालोद

**संवाददाता–बस्ती।** राष्ट्रीय लोकदल की मासिक बैठक गुरूवार को न्याय मार्ग स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष उदयभान चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी सगठन की मजबूती के लिये प्रभावी कदम उठाये जाने, सदस्यता अभियान को गति देने, जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किये जाने, किसान हितों के लिये संघर्ष करने, बकाया गन्ना मूल्य भुगतान आदि के मुद्दों पर विचार कर निर्णय लिये गये।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश चौधरी ने पार्टी की मजबूती के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये। कहा कि पार्टी के पदाधिकारी पूरी ताकत से जुट जाय जिससे राजनीतिक लक्ष्य के साथ सामाजिक स्तर पर विकास की गति को तेजी मिल सके।

रालोद के प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल ने कहा कि सदस्यता अभियान तेज करने के साथ ही अभी से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिये




जुट जाने की जरूरत है। मजबूत संगठन, नीति, कार्यक्रम के आधार पर ही जनता का भरोसा जीता जा सकता है। कहा कि किसानों, नौजवानों के हितों के लिये पार्टी का रचनात्मक संघर्ष जारी रहेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक चौधरी ने कहा कि तहसील, ब्लाक और बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान में तेजी लाये जाने की जरूरत है। संगठन की मजबूती के लिये सदस्यता अभियान जरूरी है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिपाल पटेल, मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि किसानों, नौजवानों का हित पार्टी की पहली प्राथमिकता है। गांव– गांव जाकर लोगों को पार्टी का सदस्य बनाना होगा।

रालोद की मासिक बैठक में मुख्य रूप से विवेक श्रीवास्तव, रमेश चन्द्र गिरी, अरूण कुमार चौधरी, राम सूरत चौधरी, रविन्द्र चौधरी ' गोलू', अशरफ अली, गोरखनाथ चौधरी, इन्द्र बहादुर यादव, आर.एन. पटेल, ओमकार चौधरी, के साथ ही रालोद के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में बार एसोसिएशन का प्रदर्शन

**संवाददाता–महराजगंज।** कासगंज बार एसोसिएशन की महिला अधिवक्ता के अपहरण व हत्या के विरोध में बृहस्पतिवार को जिले के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि चार सितंबर को कासगंज बार एसोसिएशन की एक महिला अधिवक्ता का पहले अपहरण किया गया फिर हत्याकर शव रजपुरा नहर में फेंक दिया गया। घटना से अधिवक्ता समाज काफी दुखी व मर्माहत है। कहा कि मौजूदा शासन में अधिवक्ताओं के विरुद्ध अत्याचार व हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। सरकार अधिवक्ताओं को सुरक्षा एवं सम्मान देने में पूर्णतः विफल साबित हो रही है। इससे पहले भी कई अधिवक्ताओं की हत्या हुई, लेकिन किसी भी मामले में सरकार की ओर से कार्रवाई न किए जाने के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। इस कृत्य से संपूर्ण अधिवक्ता समाज प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन की निंदा करता है। अधिवक्ताओं ने सरकार से चार सूत्रीय मांग करते हुए अविलंब पूरा किए जाने की मांग की। कहा कि कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या करने वाले अपराधी को अविलंब गिरफ्तार किया जाए तथा अधिवक्ता के स्वजन को एक करोड़ रुपये की सहयोग राशि प्रदान की जाए। देश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और एडवोकेट्स प्रोटेशन एक्ट लागू की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री रामराज चौधरी, अकबर अली अंसारी, कात्यायन मणि त्रिपाठी, अजय कुमार सिंह, गुड्डू प्रसाद कन्नौजिया, परशुराम गौड़, अमित कुमार, रामाश्रय भारती, अंबरीष कुमार, दयाराम चौधरी, उपेंद्र कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।

# पुलिस ने घेरा तो गन्ने के खेत में छिपकर करने लगे फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में दो पशु तस्करों को लगी गोली



**संवाददाता–कुशीनगर।** पुलिस की गुरुवार को दिनदहाड़े पशु तस्करों की मुठभेड़ हुई। गोपनीय सूचना पर पडरौना कोतवाली के बांसी चौकी क्षेत्र में फुलवरिया स्थान के समीप पुलिस ने पशु तस्करों को घेरा तो वह गन्ने के खेत में छुप गए और पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो पशु तस्करों को गोली लगी है। दोनों को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मौके पर और भी पशु तस्करों के छिपे होने की सूचना है, पुलिस पूरे इलाके में कांबिंग कर रही है। मौके पर एसपी संतोष कुमार मिश्र भी मौजूद रहे। और खुद टीम की मॉनीटरिंग कर रहे थे। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि दोपहर बाद पशु तस्करों के आने की सूचना पर पडरौना कोतवाली, सर्विलांस थाना व कप्तानगंज थाने की संयुक्त पुलिस टीम बांसी चौकी क्षेत्र में फुलवरिया स्थान के समीप वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी चार पहिया व एक दोपहिया सवार पशु तस्कर पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोका तो सभी वाहनों से उतर कर खेतों में भाग गए। गन्ने के खेत में छिप गए। पुलिस टीम ने चारों से घेर कर कांबिंग शुरू की तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो पशु तस्करों को गोली लगी है। इनकी पहचाप अनुप यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी हरिसेवक पुर नंबर दो थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर व लड्डू उर्फ खुर्शीद अंसारी पुत्र गुड्डू अंसारी निवासी खडवापट्टी थाना धनहा जनपद प चम्पारण बिहार के रूप में हुई है। अभियुक्त अनुप यादव पर 20 से भी ज्यादा मुकदमे हैं व हाल ही में जनपद गोरखपुर के थाना पिपराईच व खजनी में ग्रामीणों पर हमले की घटना में शामिल था। मौके से एक चारपहिया व एक दोपहियावाहन बरामद की गयी है। अन्य बदमाशों के छुपे होने की संभावना पर अभी कांबिंग चल रही थी।

# शिक्षक दिवस पर सम्मानित किए गए गुरूजन

**संवाददाता–श्रावस्ती।** डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती व शिक्षक दिवस मनाया गया। साथ ही सम्मान समारोह में डीएम व सीडीओ ने 50 शिक्षकों को सम्मानित किया। शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर डीएम व सीडीओ ने शिक्षा को लेकर उत्कृष्ठ कार्य करने पर शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। जिसमें प्रत्येक विकास खण्ड से 10–10 शिक्षक शामिल रहे। डीएम ने कहा कि शिक्षक दिवस महान भारतीय दार्शनिक, विद्वान और राजनीतिज्ञ डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन के अपने कार्य के प्रति समर्पण एवं विद्वत्ता के कारण ही उन्हें 1954 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया जो एक शिक्षक के लिए बहुत ही गर्व की बात थी। आज इसी बात की आवश्यकता है कि हमें भी डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों पर चलकर बच्चों को सही मार्ग पर ले जाना है व उन्हें मजबूत स्तम्भ के रूप में तैयार करना है। उन्होंने कहा कि नौनिहाल कच्चे घड़े के समान हैं। इनके भविष्य को संवारना गुरूजनों का दायित्व है। इसलिए सभी गुरूजन अपनी बेहतर सेवा देकर बच्चों के भविष्य को संवारें। सीडीओ ने कहा कि इस कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापक जो आज सम्मानित हो रहे हैं। उनका यह दायित्व है कि वे अपने विद्यालय के अन्य अध्यापकों को अच्छा करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही साथ अपने सहयोगियों को भी इस बात की प्रेरणा दें कि वे भी अपने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाएं। सरकार की ओर से शिक्षा के बेहतर संसाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा देना गुरुजनों का कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन बीएसए अजय कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारत बनेगा विश्व गुरु, अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ा जाएगा- राकेश राठौर

**संवाददाता–श्रावस्ती।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। जिले के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर ने पार्टी कार्यालय में इसकी जानकारी दी और सदस्यता अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार भारत को विश्वगुरु बनाना चाहती है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ कर रिकार्ड बनाया जाएगा। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रभारी मंत्री ने सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले भी सदस्यता अभियान करके एक कीर्तिमान स्थापित किया और विश्व की सबसे ज्यादा सदस्यों वाली पार्टी बनी। इस बार भी सभी कार्यकर्ताओं को पूरी तन्मयता के साथ जन जन से मिलकर पार्टी की विचारधारा, मोदी व योगी सरकार के कार्यों व योजनाओं को बताकर उन्हें 8800002024 पर मिस्ड कॉल करवाकर सदस्य बनाना है। हम सभी को संगठन की सदस्यता अभियान के बताये गए कार्यो को करते हुए ज्यादा आए ज्यादा सदस्य बनाने हैं। क्योंकि भाजपा का सदस्यता अभियान सशक्त समाज के निर्माण की नींव है। केन्द्र सरकार का लक्ष्य भारत को विश्व गुरु बनाना है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को एक बार पुनः संगठन के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दिए हुए लक्ष्य को पूरा करते हुए भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में अपनी सहभागिता करें। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला ने किया।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, संजय कैराती पटेल, महेश मिश्रा ओम, रमन सिंह, पूजा पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख अमित सिंह, अरुण पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, प्रहलाद शुक्ला, नेकराम पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय सहित भारी संख्या अभियान में लगे पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने पटना खरगौरा स्थित गोशाला पहुंच कर गायों को चारा खिलाया।

# शिक्षक वह है जो बच्चों का जीवन निर्माण करें



**संवाददाता–अयोध्या।** सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल समिति के द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर बच्चो ने बड़े उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा शिक्षकों ने केक भी काटा और सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्म दिवस मनाया। ज्ञात हो कि पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है तथा इस दिन शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाता है उनका जन्म दिवस शिक्षकों को समर्पित है। डॉ राधाकृष्णन स्वयं शिक्षक भी थे और कई भाषाओं के ज्ञाता भी थे। उक्त अवसर पर संस्था के शिक्षकों को बच्चों के द्वारा तथा संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया गया और पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ रानी अवस्थी ने कहा कि हम शिक्षकों का दायित्व है कि हम बच्चों को सर्वोत्तम ज्ञान प्रदान करें अच्छा शिक्षक वह है जो सीख कर नई–नई चीजे सिखाए बच्चों का ज्ञानवर्धन करें उन्हें विभिन्न प्रेरक कहानियो के द्वारा अपनी संस्कृति का ज्ञान दें अपने भारतीय होने पर गर्व करना सिखाए और बच्चों को संस्कारवान बनाएं उनका जीवन निर्माण करें। प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी ने कहा कि बच्चों को शिक्षक अभी से देशभक्त बनाएं, जिससे वह भविष्य में देश के अंदर एवं बाहर के दुश्मनों से लड़ सके। सर्वेश अवस्थी ने कहा कि बच्चे माता–पिता एवं गुरु का सम्मान ही ना करें बल्कि उनके बताएं रास्ते पर भी चले तथा माता–पिता एवं गुरु की डॉट व मार का बुरा ना माने वह आपके उज्जवल भविष्य के लिए ही डॉटते हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन संगीता जी ने किया शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर रेस एवं एक म्यूजिक शो का भी आयोजन किया गया था। शिक्षकों में अनीता सोनकर, उषा मिश्रा, नीलम गुप्ता, समृद्धि, खुशी, रत्ना, संदीप यादव आदि उपस्थित थे।सभी बच्चों को संस्था की ओर से जलपान भी कराया गया व टॉफी भी दी गई।

# मेडिकल कॉलेज में कर्मचारियों को वेतन के लाले, सात महीने से बिना पैसा कर रहे काम

**संवाददाता–कुशीनगर।** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में आउटसोर्सिंग पर तैनात करीब 200 सौ से अधिक कर्मचारियों को पिछले सात माह से वेतन नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों को परिवार का पालन–पोषण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारी जहां ब्याज पर पैसा उठाने को मजबूर हैं, वहीं उन्हें अस्पताल तक आने जाने के किराये के लिये भी आए दिन किसी ना किसी से कर्ज लेना पड़ता है। जिला अस्पताल के जिम्मेदार उनके वेतन को लेकर खामोश बैठे हैं। इसका फायदा उठाते हुए निजी कंपनियां भी बेलगाम हो गई हैं। दबाव पड़ने पर एक माह का वेतन देकर फिर पुराने ढर्रे पर चली जाती हैं। जिला अस्पताल में आउट सोर्सिंग पर सक्योिरिटी गार्ड, अटेंडेंट, स्वीपर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लिफ्टमैन, वार्ड ब्वाय, बिजली मैकेनिक, सीवरमैन आदि पदों पर करीब 200 सौ से अधिक कर्मचारी तैनात हैं। इन कर्मचारियों की शिफ्ट वाइज अस्पताल में ड्यूटी लगती है। इन कर्मचारियों को सात महीने से बिना वेतन के ही काम करना पड़ रहा है। वेतन नहीं मिलने से खफा कर्मचारियों ने कहा कि कई बार इस बारे में एजेंसी संचालक और विभागीय अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन एक या दो दिन में वेतन आने की बात कहते हैं। लेकिन सात माह से अधिक होने के बाद भी इनका वेतन नहीं मिल सका है। ऐसे में कर्मचारियों को इधर–उधर से उधार या ब्याज पर पैसा लेकर घर का चूल्हा जलाना पड़ रहा है।

कर्मचारियों ने कहा कि वे अपना काम ईमानदारी व लगन से करते हैं तो वेतन भी प्रति माह दिया जाना चाहिए। कर्मचारियों का कहना है कि कई महीने से वेतन का एक भी पैसा नहीं मिला है। खाली पेट और खाली जेब लेकर प्रतिदिन समय से अपने ड्यूटी करने के बाद भी जिम्मेदार हम लोगों की मजबूरी को नहीं समझ रहे। कर्मचारियों ने बताया कि यहां निजी कंपनियों में अवनि, परिधी, शिवम, रामा और आकृति से करीब दौ सौ से अधिक कर्मी तैनात हैं, लेकिन कोई भी कंपनी समय से भुगतान नहीं करती। सभी ने पांच से सात माह का वेतन नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि दबाव बनाने पर एक माह का वेतन भेज दिया जाता है, जो लोगों से लिये कर्ज देने में ही खर्च हो जाता है, जिससे हम लोगों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने समय से प्रतिमाह वेतन भुगतान करने की मांग की है। इस संबंध में प्राचार्य डा आर के शाही का कहना है कि हस्ताक्षर हो गयें है। जल्द ही भुगतान हो जायेगा।

## गैर इरादतन हत्यारोपी को सात वर्ष की सजा

**संवाददाता–गोण्डा।** अपर जिला जज रामदयाल नेः गैर इरादतन हत्यारोपी को सात वर्ष की कैद व दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता घनश्याम पांडेय के अनुसार थाना करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कुतुब नगर गोड़ियन पुरवा निवासी देवचंद पुत्र आज्ञाराम ने अपने ही गांव के श्रीराम गोड़िया पुत्र रामरूप के विरुद्ध दो अप्रैल 2018 को इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके मुताबिक दो महीने पूर्व वादी और आरोपी के मध्य विवाद हो गया था। आरोपी उसकी मां को अपशब्द कहने लगा जिसका विरोध वादी के भाई राम शरन ने किया। इस पर आरोपी ने बैट से वादी के भाई को मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया।

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक

**आवाज दर्पण**

प्रत्येक रविवार

**स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स कचहरी परिसर गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से प्रकाशित और मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स कचहरी परिसर गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक–दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

मो.09450567450

Email- Awazdarpan@yahoo.com